ENERGY FOR EVER

इरेडा IREDA

ONCE IREDA ALWAYS IREDA

(A Navratna CPSE)

प्रेस विज्ञप्ति

इरेडा ने ग्रीन फाइनेंसिंग को बढ़ावा देने के लिए क्यूआईपी के जरिए सफलतापूर्वक 2,005.90 करोड़ रुपए जुटाए

नई दिल्ली, 11 जून, 2025

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) द्वारा योग्य संस्थान प्लेसमेंट (क्यूआईपी) के माध्यम से सफलतापूर्वक ₹2,005.90 करोड़ जुटाए गए हैं। यह पूंजी ₹165.14 प्रति शेयर की कीमत पर 12.15 करोड़ इक्विटी शेयर जारी करके जुटाई गई, जिसमें ₹10 के अंकित मूल्य पर ₹155.14 प्रति शेयर का प्रीमियम शामिल है।

₹165.14 का यह निर्गम मूल्य ₹173.83 प्रति इक्विटी शेयर के फ्लोर मूल्य पर 5.00% की रियायत को दर्शाता है। यह 5 जून, 2025 को जारी, क्यूआईपी इश्यू 10 जून, 2025 को बंद हुआ, जिसे बीमा कंपनियों, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों सहित घरेलू और विदेशी योग्य संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) के विविध ग्रुप से उत्साहजनक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई । इरेडा के बोर्ड ने आज यानी 11 जून, 2025 को हुई इस बैठक में पात्र योग्य संस्थागत खरीदारों को इक्विटी शेयरों के आवंटन को मंजूरी दी है।

यह क्यूआईपी ₹1,500 करोड़ के बेस इश्यू साइज की तुलना में ₹2,005.90 करोड़ की बोलियों के साथ ओवरसब्सक्राइब हुआ, जिससे 1.34 गुना अधिक सब्सक्रिप्शन प्राप्त हुआ। इस सफल निर्गम के माध्यम से जुटाई गई पूंजी, इरेडा की टियर-I पूंजी और समग्र पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) को और अधिक मजबूत करेगी, जिससे भारत में विस्तार किए गए अक्षय ऊर्जा क्षेत्र का समर्थन करने के लिए कंपनी की क्षमता में और अधिक वृद्धि होगी।

इस उपलब्धि के बारे में संदेश देते हुए, इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास ने कहा कि, "नवंबर 2023 के दौरान हमारे आईपीओ जारी होने के बाद कम समय में इस क्यूआईपी का सफलतापूर्वक पूर्ण होना निवेशक समुदाय तथा नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा इरेडा पर किए गए भरोसे और

विश्वास का प्रमाण है। यह पूंजी निवेश हमें अपनी वित्तपोषण गतिविधियों को बढ़ाने, नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं में और अधिक निवेश करने और भारत के हरित और सतत ऊर्जा भविष्य की दिशा में परिवर्तन के लिए तीव्रता लाने के लिए सक्षम बनाएगा।"

इरेडा के सीएमडी ने नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा, उपभोक्ता मामले तथा खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण के माननीय केंद्रीय मंत्री , श्री प्रहलाद जोशी ; विद्युत तथा नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा के माननीय राज्य मंत्री, श्री श्रीपद नाइक, एमएनआरई के सचिव, श्री संतोष कुमार सारंगी; निवेश और सार्वजनिक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग (डीआईपीएएम); और इरेडा के निदेशक मंडल को उनके समर्थन और अमूल्य मार्गदर्शन के लिए अपना आभार व्यक्त किया।

इरेडा ने सभी संस्थागत निवेशकों और हितधारकों को उनके निरंतर समर्थन के लिए अपना आभार व्यक्त किया जिसके फलस्वरूप , देश की स्वच्छ ऊर्जा वित्तपोषण पहलों का नेतृत्व करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

******